षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-03.04.2018 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री ललित कुमार यादव, स०वि०स०	"बिहार राज्य में प्राचीन वैशाली गणतंत्र के वर्तमान भू-भाग में बज्जिका भाषा एक समृद्ध एवं लोक जीवन से सम्बद्ध भाषा रही है, जिसका साहित्य बिहार के विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में संरक्षित है लेकिन व्यापक प्रचार प्रसार के अभाव में यह भाषा विलुप्त होने के कगार पर है । राज्य सरकार बिहार में भोजपुरी, मैथिली एवं मगही भाषा की अकादमी का गठन कर चुकी है । बज्जिका एक ऐसी भाषा है जो उत्तर बिहार के 11 जिलों में 3 करोड़ से अधिक आबादी के बोलचाल में है, इसकी अनेक लोक गाथाएँ एवं समृद्ध साहित्य के साथ-साथ काव्य एवं महाकाव्य की रचनाएँ उपलब्ध है । 16 जनवरी, 2010 में सरकार द्वारा बज्जिका अकादमी की गठन की घोषणा के बावजूद अभी तक इस पर कोई अमल नहीं किया गया है । अतः बज्जिका भाषा की अध्ययन अध्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं बज्जिका अकादमी का गठन करने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।"	शिक्षा

राम श्रेष्ठ राय

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-21/18- 2071-2081 / वि०स०, पटना, दिनांक-02 अप्रील, 2018 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रदीप कुमार राय
2.4.2018

(प्रदीप कुमार राय)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-21/18- 2071-2081 / वि०स०, पटना, दिनांक 02 अप्रील, 2018 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रशाखा पदाधिकारी, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रदीप कुमार राय
2.4.2018

(प्रदीप कुमार राय)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।